भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 228

उत्तर देने की तारीख 2 अगस्त, 2022
11 श्रावण, 1944 (शक)

खेलों को बढ़ावा देने हेतु योजनाएं

228. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, राष्ट्रीय स्तर पर उनके कल्याण और पेंशन संबंधी कोई संशोधित योजनाएं तथा खेल विभाग की योजनाओं के लिए वेब पोर्टल और राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) की वेबसाइट शुरू की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा खिलाड़ियों और कोचों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए क्या बदलाव किए गए हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान इससे कितने खिलाड़ी लाभान्वित हुए;

(घ) खिलाड़ियों को वेब पोर्टल के माध्यम से प्रदान की गई/प्रदान की जा रही अन्य सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने देश में खेलों को बढ़ावा देने और उनके विकास के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व योगदान की मदद से एनएसडीएफ के लिए एक समर्पित संपर्क वेबसाइट भी विकसित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा इन योजनाओं को उपयोगकर्ता के अधिक अनुकूल, उपयोग में आसान और पारदर्शी बनाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (च) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

खेलों को बढ़ावा देने हेतु योजनाएं के संबंध में श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक और श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 02.08.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 228 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) जी हां । सरकार ने खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, उनके कल्याण और पेंशन संबंधी संशोधित स्कीमें तथा खेल विभाग की स्कीमों के लिए वेब पोर्टल (द वेब पोर्टल-dbtyas-sports.gov.in) और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) की वेबसाइट (द वेब पोर्टल - nsdf.yas.gov.in) शुरू की हैं ।

(ख) इन स्कीमों को किसी भी खिलाड़ी के इन स्कीमों के लिए सीधे आवेदन करने, स्पर्धा विशेष के समापन की अंतिम तिथि से नकद पुरस्कार स्कीम के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की समय-सीमा तय करने और सत्यापन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए संशोधित किया गया है । डेफलंपिक एथलीटों को भी इन स्कीमों के लाभ दिए गए हैं ।

(ग) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उपरोक्त स्कीमों से लाभान्वित होने वाले खिलाड़ियों की संख्या नीचे तालिका में दी गई है :

स्कीम का नाम	पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान लाभान्वित होने वाले खिलाड़ियों की संख्या			
	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (27.07.2022 की स्थिति के अनुसार)
अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार की स्कीम	599	391	478	176
खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष	16	38	55	27
मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन की स्कीम	40	33	26	1

(घ) से (च) : पोर्टल को डीबीटी-एमआईएस के साथ एकीकृत किया गया है जिससे खिलाड़ियों को उनके बैंक खातों में धनराशि का सीधे हस्तांतरण किया जा सकता है ।

एनएसडीएफ पोर्टल सभी हितधारकों के लिए इंटरैक्टिव है । इसमें आम जनता को एनएसडीएफ में योगदान के उपयोग की जानकारी मिलती है और इसमें एनएसडीएफ में विभिन्न तरीकों से संभावित संदाताओं द्वारा किए जाने वाले अंशदान के प्रावधानों का उल्लेख किया गया है ।

*****